प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार से गोरखपुर–पाटलिपुत्र वंदे भारत समेत 57 सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं का करेंग शुभारंभ : सिवान पहुंचने से पहले कुशीनगर एयरपोर्ट पर पार्टी के नेताओं से करेंगे मुलाकात।**
2. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का करेंगे लोकार्पण : 7 हजार 282 करोड़ रुपये से बना एक्सप्रेस–वे पूर्वांचल के विकास को देगा गति।**
3. **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश के मंत्रियों को सौंपी गई जिम्मेदारी : उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक लखनऊ और केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में करेंगे योगाभ्यास।**

**और**

4. **राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत : मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिये जारी किया बारिश का ऑरेंज अलर्ट।**

———————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल कुशीनगर होकर बिहार जनसभा के लिये जायेंगे। सिवान से प्रधानमंत्री गोरखपुर–पाटलिपुत्र वंदे भारत का शुभारंभ समेत 5 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात देंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान कुशीनगर एयरपोर्ट पर उतरेगा। वहां से श्री मोदी वायुसेना के हेलिकॉप्टर से बिहार रवाना होंगे। इस बीच 20 मिनट प्रधानमंत्री कुशीनगर एयरपोर्ट पर रूकेंगे और पार्टी के नेताओं से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री के ट्रांज़िट विज़िट को लेकर कुशीनगर में विशेष तैयारियां की गई हैं। प्रशासन ने एयरपोर्ट की 15 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही कुशीनगर और कसया में सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक रूट डायवर्जन किया गया है। प्रधानमंत्री बिहार से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर गोरखपुर–पाटलिपुत्र वंदे भारत का शुभारंभ करेंगे। इसी क्रम में आज रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार तैयारियों का जायजा लेने गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने स्टेशन परिसर और क्रू लॉबी का निरीक्षण किया। साथ ही रेल यूनियन के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। रेल प्रशासन की तरफ से रेलवे बोर्ड को भेजे गए प्रस्ताव के मुताबिक यह वंदे भारत गोरखपुर से सुबह 5 बजकर 40 मिनट पर चलेगी और 12 बजकर 45 मिनट पर पटना पहुंचेगी। वापसी में पाटलिपुत्र से दोपहर साढ़े तीन बजे चलकर रात साढ़े दस बजे गोरखपुर पहुेचेंगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे का लोकार्पण करेंगे। 7 हजार 282 करोड़ रुपये की लागत से बने इस एक्सप्रेस–वे पूर्वांचल के विकास के नए गेटवे के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री आजमगढ़ के सलारपुर में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे का लोकार्पण और जनसभा को संबोधित करने के बाद इस एक्सप्रेस–वे पर करीब 86 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगे। श्री योगी गोरखपुर छोर के लोकार्पण स्थल पर

पहुंचकर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट....

*करीब 92 किलोमीटर लम्बा गोरखपुरलिंक एक्सप्रेस–वे गोरखपुर से शुरू होकर संतकबीर नगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से जुड़ेगा। इस एक्सप्रेस–वे पर 2 टोल प्लाज़ा, 7 रैम्प प्लाज़ा, 5 फ्लाईओवर्स, 20 व्हेकुलर अंडरपास और 48 पेडेस्ट्रियन अंडरपास भी बनाए गए हैं। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए जनसुविधा परिसर ,पेट्रोल पम्प, चार्जिंग स्टेशन और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे प्रदेश के पूर्वी ज़िलों की औद्योगिक प्रगति को भी गति देगा। सरकार एक्सप्रेस–वे के दोनों किनारों पर इंडस्ट्रियल हब बनाने की तैयारी कर रही है। इससे इस क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे। गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।*

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर, देश में खेलों में बड़े स्तर पर बदलाव आया है। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम, खेलो इंडिया और खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) जैसी पहलों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। इससे वैश्विक खेल आयोजनों में भारतीय पदकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पैरा–एथलीट और एशियाई पैरालंपिक समिति की कार्यकारी बोर्ड की सदस्य दीपा मलिक ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में सरकार के बहुआयामी कदमों की सराहना की।

*पैरा खेलों की बात करूं डिसिबिलिटिएक्ट आया है जिसके तहत 21–7 से बढाकर 21 दिव्यांगताओं को उन्होंने डिसिबिलिटि एक्ट के*

*अंतर्गत लिया। बेटी बचाओं, बेटी पढाओं, बेटी खिलाओं और साथ ही में लगता हुआ एक्सासेबल इंडिया कैंपेन एक शब्द अपंगों को दिव्यांग उनके सम्मान में तो एक ऑटोमैटिक इको सिस्टम क्रिएट हुआ जहां पर दिव्यांगों के सशक्तिकरण की बात होने लगी।*

———————————

ईरान और इस्राइल के बीच चल रहे संघर्ष के बीच भारत ने ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। इसके तहत 110 भारतीय छात्रों को सकुशल भारत वापस लाया गया है। इस बीच प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि सरकार इस्त्राइल और ईरान में काम कर रहे प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवारों से सम्पर्क में है। उन्होंने कहा कि सरकार इन श्रमिकों की सुरक्षा के लिए उपयुक्त कदम उठाएगी। बाइट....

*हमारी निरंतर उनसे संवाद हो रहे हैं। हमारे जो श्रमिक हैं, उनके परिवारजन जो हैं उनसे भी हमारी वार्ता हो रही है। किसी प्रकार की परेशानी की कोई बात नहीं है। चिंता की कोई बात नहीं है। इस्राइल में हमारे जहां श्रमिक काम कर रहे हैं वहां से काफी दूर है जो युद्ध का क्षेत्र बना हुआ है। जैसी परिस्थिति बनेगी हमारे साथ हम फैसला करेंगे। बहुत हमें लगेगा कि हमारे श्रमिकों के जान पर कोई खतरा है। हम उनको सुरक्षित लाने का रास्ता निकाल ही नहीं पा रहे हैं।*

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर प्रदेश में तैयारियां तेज़ हो गई हैं। प्रदेश के मंत्रियों को योग दिवस के दिन अलग–अलग जिलों की जिम्मेदारी दी गयी है। पेश है एक रिपोर्ट....

*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम राजभवन में होगा, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक लखनऊ में योगाभ्यास कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज, मंत्री सुरेश खन्ना वाराणसी, स्वतंत्रदेव सिंह गोरखपुर, जयवीर सिंह आगरा, योगेंद्र उपाध्याय कानपुर, असीम अरुण गाजियाबाद, दिनेश प्रताप सिंह कौशांबी और सूर्य प्रताप शाही अयोध्या में योगाभ्यास करेंगे। इसके अलावा 31 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को नोडल अफसर बनाकर जिलों में भेजा जा रहा है, जिनकी देखरेख में विभिन्न ज़िलों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

योग सप्ताह के तहत प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज चंदौली में आयुष राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ने योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने योगाभ्यास भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि योग दिवस पर वाराणसी में सौ से ज्यादा स्थानों पर योगाभ्यास किया जाएगा।

—————————

यूपी पुलिस में भर्ती हुए 60 हज़ार से अधिक आरक्षियों ने विभिन्न ज़िलों में पहुंचना शुरू कर दिया है। इसी क्रम प़लिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने आज लखनऊ के कल्ली पश्चिम पुलिस लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। डीजीपी ने बताया कि इन आरक्षियों की ट्रेनिंग 21 जून से शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए ट्रेनिंग निदेशालय ने विशेष तैयारी की है। बाइट....

*ये एक लंबी ट्रेनिंग होगी। करीब नौ और दस महीने की ट्रेनिंग होगी जिसमें आउटडोर इंडोर इत्यादि की सभी तरह की ट्रेनिंग इसमें की जाएगी। वेपन्स हैंडलिंग, स्किल, एटीट्यूड, नॉलेज सभी चीजों की ट्रेनिंग होती है। इसमें और हमारा जो ट्रेनिंग डायरेक्ट्रेट है व्हिच ट्रेनिंग। उन्होंने बहुत ही अच्छी व्यवस्था अभूतपूर्व व्यवस्था की है।*

—————————

प्रदेश के श्रम और सेवायोजन विभाग के मंत्रो अनिल राजभर ने आज लखनऊ में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजभर ने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में करीब 21 लाख बाल श्रमिक हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम से मुक्त करने का संकल्प लिया है और उस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

—————————

——————————

**मौसम**

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है प्रदेश में मानसून के आने के साथ ही मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए पश्चिमी यूपी के कई जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है विभाग के मुताबिक इस दौरान इन क्षेत्रों में गरज चमक के साथ ही तेज हवा के साथ भारी बारिश का अनुमान है।

(समाप्त)